2018

HINDI

(Major)

Paper : 4.2

(Chhayavadottar Kavyadhara)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) प्रयोगवाद के प्रवर्तक कौन हैं?

(ख) 'मुक्तिबोध' का सम्पूर्ण नाम क्या है?

(ग) 'तार सप्तक' के संपादक कौन हैं?

(घ) केदारनाथ सिंह को किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(ङ) 'टूटा हुआ पहिया' किसका प्रतीक है?

(च) 'मोचीराम' समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है?

(छ) 'कितनी नावों में कितनी बार' काव्यग्रंथ हेतु अज्ञेय को किस सम्मान से सम्मानित किया गया?

(ज) नागार्जुनकृत 'अकाल और उसके बाद' कविता के प्रकाशन-वर्ष का उल्लेख कीजिए।

(झ) धर्मवीर भारती की किसी एक काव्य-कृति का नाम लिखिए।

(ञ) 'छायावादोत्तर काव्य-संग्रह' के सम्पादक-द्वय के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) 'नई कविता' की प्रमुख प्रवृत्ति क्या है?

(ख) 'भूल गलती' शीर्षक कविता द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ग) प्रगतिवादी और प्रयोगवादी काव्य-धारा की भिन्नता स्पष्ट कीजिए।

(घ) बच्चे की 'दंतुरित मुस्कान' का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) 'औद्योगिक बस्ती' कविता के द्वारा कवि अज्ञेय जी ने किस समस्या की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'कलगी बाजरे की' कविता का मूल प्रतिपाद्य क्या है?

(ख) 'स्त्री प्रत्यय' कविता द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ग) 'रोटी' कविता का मूल कथ्य लिखिए।

अथवा

'हजार बाँहों वाला शिशिर' कविता द्वारा कवि नागार्जुन ने क्या दर्शाया है?

(घ) धूमिल रचित 'मेरी कविता' के वर्ण्य-विषय पर प्रकाश डालिए।

अथवा

''मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ लेकिन मुझे फेंको मत'' —यहाँ कवि किस अंतर्कथा की ओर इशारा कर रहे हैं?

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) मुझे विश्वास है
आप उसका सामना कर रहे हैं
मैंने उसका शिकार किया है
मुझे हर बार ऐसा ही लगता है

अथवा

मर गयी कविता? जवानी मर गयी
मर गया सूरज सितारे मर गये
मर गये—सौन्दर्य सारे मर गये
सृष्टि के आरम्भ से चलती हुई
प्यार की हर साँस पर पलती हुई

(ख) वासना डूबी
शिथिल पल में
स्नेह काजल में
लिये अद्भुत रूप-कोमलता
अब गिरा अब गिरा वह अटका हुआ आँसू
सांध्य तारक सा
अतल में

अथवा

भाषा? देख उधर कोने में
शब्दों के अर्थ भरे
कोने में रखी है
अरे भाई! वहाँ नहीं, वहाँ

5. 'मुक्तिबोध' की काव्यगत प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'जनता की जमीन पर' शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

6. पठित कविताओं के आधार पर अज्ञेय के कवि-व्यक्तित्व का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

'अकाल और उसके बाद' कविता में चित्रित अकाल की दशा का वर्णन कीजिए।

★★★